सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 237 | इंदौर, शुक्रवार 08 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


रुद्राक्ष महोत्सव

## 7 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे, पंडाल फुल, कई राज्यों से आए लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर**। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में आज महाशिवरात्रि के पर्व पर रुद्राक्ष महोत्सव और कथा में शामिल होने 7 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। यहां सभी पंडाल फुल हो चुके हैं। वहीं पंडालों के बाहर भी काफी लोग खड़े हैं और बाहर ही पूरे विधि विधान के साथ भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना कर रहे हैं। देशभर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुके कुबेरेश्वर धाम पर मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, ओड़िशा सहित अन्य प्रदेशों से लोग पहुंचे हैं। आज महाशिवरात्रि पर कुबेरेश्वर धाम में महारुद्राभिषेक किया जा रहा है। पिछले तीन दिनों में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं। राजस्थान से हनुमागढ़ से आए एक श्रद्धालु का कहना है कि वो पहली बार यहां आ रहे हैं उन्होंने अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी थी और अब वो यहां दर्शन करने आए हैं। श्रद्धालु का कहना है कि यहां कि व्यवस्थाएं अच्छी है उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। दोपहर में कथा और रात को भजन गायकों की प्रस्तुति दी जाएगी।




# खस की वाटिका में शिव दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को शहर के शिवालयों में सुबह से शाम तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। जानिए प्रमुख मंदिरों से जुड़े आयोजन।**

### गेंदेश्वर महादेव, परदेशीपुरा

परदेशीपुरा स्थित शिवधाम में मंदिर महल स्वरूप में श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7 बजे से श्रृंगार दर्शन शुरू होंगे। 8 बजे तांडव आरती की जाएगी। इसके बाद भक्तों को प्रसादी वितरण होगा।

### भूतेश्वर महादेव, पंचकुइया

सुबह 5 बजे से अभिषेक । शाम 7 बजे से संगीत निशा शुरू होगी। रात 12 बजे महाआरती होगी। फलाहारी खिचड़ी, प्रसादी वितरण होगा।

### कांटाफोड़ शिव मंदिर, नौलखा

खस की वाटिका में शिव परिवार के दर्शन होंगे। कोलकाता के 10 कलाकारों ने इसे तैयार किया है। शाम 7 बजे से श्रृंगार दर्शन शुरू होंगे। भक्तों को कलाकन, फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।



### जबरेश्वर महादेव मंदिर, राजबाड़ा

मंदिर में फूल-पत्तियों से भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 6 बजे से कतार में लगकर श्रृंगार दर्शन शुरू होंगे। भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### गोपेश्वर महादेव मंदिर, गांधी हॉल

सुबह 6 बजे भस्मआरती होगी। भांग-सूखे मेवे से अर्द्ध नारीश्वर स्वरूप में शिवजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रात 8 बजे श्रृंगार आरती होगी। इससे पहले दोपहर 1 बजे से रुद्राभिषेक होगा। दर्शन के लिए मंदिर में कतार की व्यवस्था रहेगी।

### वृंदावन के कलाकार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे

श्री गुटकेश्वर धाम सद्‌गुरू परिवार न्यास द्वारा महाशिवरात्री पर्व पर भजन संध्या एवं फरियाली नगर भंडारा शुक्रवार 8 मार्च को किला मैदान स्थित रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस फरियाली नगर भंडारे के साथ ही वृंदावन के कलाकार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति भी देंगे। रामगोपालदास महाराज के सान्निध्य में होने वाले इस आयोजन में अनेक साधु-संतों के साथ ही बाबा गुटकेश्वर महादेव के भक्त उपस्थित रहेंगे। श्री गुटकेश्वर धाम सद्‌गुरू परिवार न्यास अध्यक्ष एवं आयोजक धीरज शुक्ला, चंद्रप्रकाश दुबे संयोजक मनीष प्रजापत एवं अरूण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत बाबा गुटकेश्वर महादेव के अभिषेक पूजन के साथ की जाएगी। किला मैदान स्थित रानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर भी आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी। इस दौरान होगी। कार्यक्रम में वृंदावन के कालाकार शिव तांडव की प्रस्तुति के साथ ही नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक मुकेश शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। रानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर रात 8 बजे से फरियाली खिचड़ी एवं ठंडाई प्रसाद का वितरण भी होगा। फरियाली नगर भंडारे में इस दौरान आसपास के रहवासियों व नगरवासियों के साथ ही कई गणमान्य शिव भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### 5 हजार महिलाएं करेंगी अभिषेक

संस्था नमो नवगृह शनि एवं सत्यमेव जयते द्वारा शुक्रवार 8 मार्च को शिवरात्रि महापर्व पर बाणेश्वर कुंड पर शिवजलाभिषेक एवं रूद्राभिषेक महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर 5000 हजार से अधिक महिलाएं बाणेश्वर महादेव का अभिषेक करेंगी। मंदिर परिसर में ही सांकेतिक यात्रा भी निकाली जाएगी। संस्था के पदाधिकारी भक्तों से पक्षियों के लिए अपने घरों की छत पर दाना-पानी रखने का संकल्प भी इस दौरान दिलवाएंगे।

मामला इंदौर रेलवे स्टेशन का ...

## अब तक शुरू नहीं हुआ दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम

**इंदौर।** इंदौर रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए अब तक आनलाइन सिस्टम शुरू नहीं हुआ है, जबकि इस तरह की व्यवस्था पश्चिम रेलवे के मुंबई, अहमदाबाद में चल रही है। इस मामले में जेडआरयूसीसी मेंबर ने पश्चिम रेलवे जीएम को पत्र लिखकर शिकायत की है। जेडआरयूसीसी सदस्य संजय बाकलीवाल ने बताया कि मुंबई और अहमदाबाद में दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम शुरू किया गया है। इसके लिए पश्चिम रेलवे द्वारा एक साफ्टवेयर भी तैयार करवाया गया है। हालांकि यह सिस्टम इंदौर और रतलाम जैसे शहरों में अभी शुरू नहीं किया है। इससे इन दोनों शहरों के दिव्यांग इससे वंचित है। उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाकलीवाल ने बताया कि पश्चिम रेलवे के जीएम को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि इंदौर और रतलाम शहर में भी दिव्यांगों के लिए आनलाइन सिस्टम शुरू किया जाए, जिससे न केवल इन दोनों शहरों और आसपास के शहर और गांव के लोगों को भी इसकी सुविधा मिल सकेगी।

कटाक्ष




## तापमान का उतार-चढ़ाव :रात में पारा 2 डिग्री गिरा, दिन में ठंडक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मार्च में इंदौर में दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव है। पिछले 24 घंटों में रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई है। दिन का पारा भी 1 डिग्री लुढ़का है। इससे हल्की ठंडक रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।**

बुधवार को शहर में दिन का तापमान 31.9 (-1) और रात का तापमान 14.6 (सामान्य) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। गुरुवार को इसमें गिरावट आई। इस दौरान दिन का तापमान 31 डिग्री और रात का तापमान 12.8 (-2) डिग्री रहा। दिन में 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से मौसम कुछ ठंडा रहा। फिर रात को भी ठिठुरन रही।

शुक्रवार सुबह से मौसम साफ है लेकिन 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने ठण्डक घोल दी। धूप निकलने के बाद ठण्ड का असर कम हुआ। मार्च के पहले दिन, दिन का तापमान 35 डिग्री और रात का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस था। संकेत थे कि तापमान और बढ़ेगा लेकिन अगले ही दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इसके बाद 4 मार्च तक गिरावट रही। 3 मार्च को तो रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस (कोल्ड डे) था। इसके दो दिन बाद फिर बढोतरी हुई। अब 24 घंटे में फिर गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवती ने बताया 10 मार्च प्रदेश में मौसम ड्राई रहेगा। इंदौर में अभी तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा।

## महाशिवरात्रि - किस पुष्प से भोलेनाथ की उपासना करे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

महाशिवरात्रि का पर्व शिवभक्तों के लिए ये दिन बहुत ज्यादा खास होता है। इस दिन भक्तगण शिवलिंग पर जलअभिषेक करते हैं, उन पर गंगाजल और दूध भी चढ़ाते हैं और अपने और परिवारवालों के लिए उनसे सुख-शांति की प्रार्थना करते हैं।

कहते हैं कि शिवलिंग की पूजा में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए और इसी कारण हर किसी को शिवरात्रि का पूजा के बारे में अच्छे से पता होना चाहिए। अक्सर लोग पूजा में अनजाने में गलतियां कर देते है, जिसकी वजह से उन्हें पूजा का उतना फल नहीं मिल पाता जितना उन्हें मिलना चाहिए। इसलिए यहां हम आपको बताते है कि शिवरात्रि की पूजा की सामग्री क्या है?

दीपक, नारियल, रक्षासूत्र, अक्षत, गंगाजल रोली, कलावा, धूपबत्ती, कपूर, घी का दीपक, रूई, पान-सुपारी, चावल, अबीर-गुलाल, बिल्वपत्र, धतूरा, कुशा, गंगाजल, पंचमेवा, लौंग, गन्ना भस्म, केसर।

शिव की पूजा के लिए इन मंत्रों का प्रयोग करें ॐ नमः शिवाय॥ ॐ नमो भगवते रूद्राय । ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥ ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥

### भगवान् शिव को अर्पित किये जाने वाले फूल

1. धतूरे के फूल
2. हरसिंगार के फूल
3. नागकेसर के सफेद पुष्प
4. सूखे कमल गट्टे
5. कनेर के फूल
6. कुसुम के फूल
7. आंकड़े के फूल
8. कुश के फूल
9. गेंदे के फूल
10 . गुलाब के फूल
11. शंख पुष्पी का फूल
12. बेला के फूल
13. चमेली का फूल
14 शेफालिका का फूल
15. आगस्त्य का फूल

### भगवान् शिव को फूल अर्पित करने से लाभ

भगवान् शिव को चमेली का फूल चढ़ाने से वाहन सुख मिलता है।
कमल का फूल, बिल्वपत्र और शंख पुष्पी चढ़ाने से धनलाभ होता है।
बेला का फूल चढ़ाने से विवाह की समस्या दूर होती है।
संतान प्राप्ति के लिए धतूरा अर्पित करे।
तनाव दूर करने के लिए शेफालिका का फूल अर्पित करना चाहिए।
आगस्त्य का फूल चढ़ाने से मान सम्मान की प्राप्ति होती है।
कनेर का फूल चढ़ाने से वस्त्र आभूषणों की प्राप्ति होती है।
दूर्वा चढ़ाने लंबी आयु प्राप्त होती है और स्वास्थ लाभ होता है।
सफेद कमल का फूल चढ़ाने से सुख शांति की प्राप्ति होती है।
फूलो के अलावा अन्य सामग्री से भी भगवान् भोलेनाथ की पूजा करते समय अर्पित की जाती है

1. जल अर्पित करने से मन शांत होता है।
2. दूध अर्पित करने से सेहत में लाभ होता है।
3. दही अर्पित करने से स्वभाव में सुधार होता है।
4. शहद अर्पित करने से वाणी में मिठास आती है।
5. घी अर्पित करने से शक्ति बढ़ती है।
6. शक्कर अर्पित करने से सुख और समृद्धि बढ़ती है।
7. ईत्र अर्पित करने से विचार और भाव पवित्र होते हैं।
8. चन्दन अर्पित करने से मान सम्मान प्राप्त होता है।
9. केसर अर्पित करने से सौम्यता और सौभाग्य की प्राप्त होती है।

**पंडित डॉ. मनीष शर्मा**
**www.future123.com**

# महिला दिवस : उद्योगों में बेहतर काम करने वाली 12 मातृशक्तियों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । शहर के अलग-अलग उद्योगों में बेहतर काम करने वाली 12 महिलाओं को गुरुवार को सम्मानित किया गया। महिला दिवस के एक दिन पहले एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज की महिला विंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार और एमपीआईडीसी की रीजनल डायरेक्टर सपना जैन मुख्य अतिथि थीं। सम्मानित होने वालों में पूजा यादव भी शामिल थीं। पूजा जिस कंपनी में अभी मैनेजर हैं, वहां उनके पिता वर्षों से ड्राइवर हैं। अच्छी पढ़ाई के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी मिली।**

आयोजन में तारीका पुरी, अस्मिता दीक्षित, खुशबू मौर्य, नीति मौर्य, अरुणा जाजू, उर्वशी कुलकर्णी, प्रियंका जोशी और रोहिणी को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में 'धरती से आसमान को बढ़ती नारी' विषय पर परिचर्चा भी हुई। एआईएमपी की महिला विंग सिद्ध की अध्यक्ष रीना जैन और ग्रीष्मा त्रिवेदी ने बताया बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी संगीता तेंदुलकर व डॉ. नेहा चौहान, श्योपुर की शासकीय प्राध्यापक रहीं मंजू नायर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश मेहता, सचिव तरुण व्यास, हरीश भाटिया, हेमेंद्र बोकाडिया, सतीश मित्तल, मनीष चौधरी मौजूद थे।

**भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ**


# प्रदेश के अन्य शहरों को भी भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का अभियान चलाएंगे : मंत्री कुशवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि इंदौर की तर्ज पर अब प्रदेश के अन्य शहरों को भी भिक्षावृत्ति से मुक्त शहर बनाने का अभियान चलाया जाएगा। इसमें समाज की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। कुशवाह ने गुरुवार को इंदौर में स्माइल परियोजना के तहत परदेशीपुरा स्थित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायकद्वय रमेश मेंदोला तथा गोलू शुक्ला, सामाजिक न्याय विभाग के आयुक्त डॉ. रामाराव भोंसले, परियोजना के नोडल अधिकारी तथा स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह तथा परियोजना की संचालक रूपाली जैन भी मौजूद थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुशवाह ने कहा कि शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने का कार्य बहुत बड़ा एवं चुनौतीपूर्ण है। इंदौर में चल रहा अभियान सराहनीय एवं अनुकरणीय है। इंदौर में इस अभियान को मिल रही सफलता को देखते हुए अब प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस तरह का अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत सबसे पहले उज्जैन शहर से की जाएगी। कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता के साथ अब इंदौर भिक्षावृत्ति मुक्ति में भी नंबर वन शहर बनेगा। सभी की सहभागिता से इंदौर को पूर्ण रूप से भिक्षावृत्ति से मुक्त शहर शीघ्र ही बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम को विधायक रमेश मेंदोला ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण परिसर को समाज की सहभागिता से पीड़ितों की सेवा के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सामाजिक न्याय विभाग के आयुक्त डॉ. रामाराव भोंसले, परियोजना के नोडल अधिकारी तथा स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह ने संबोधित किया। रूपाली जैन ने आभार माना। कार्यक्रम में संस्था प्रवेश की टीम के सभी सदस्य व केंद्र के हितग्राही मौजूद थे।



# महाशिवरात्रि पर भक्तों को दर्शन देने डेढ़ घंटे पहले जागे बाबा महाकाल, श्रृंगार कर चढ़ाई गई भस्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की धूम पिछले नौ दिनों से जारी है। लेकिन, फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी शुक्रवार को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की मंगल बेला में बाबा महाकाल अपने भक्तों को आशीष देने के लिए डेढ़ घंटे पहले जागे। रात 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए, जिसके बाद भस्मआरती की शुरूआत हुई। रात 2:30 बजे बाबा महाकाल की भस्म आरती की शुरुआत होने के साथ ही मंदिर के पट 44 घंटे के लिए खुल गए और चार प्रहर की पूजा अर्चना भी शुरू हो गई।**





महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित आशीष शर्मा ने बताया कि मंदिर मे शुक्रवार रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को रजत का मुकुट रुद्राक्ष और पुष्पों की माला धारण करवाई गई। बाबा महाकाल का अलौकिक श्रृंगार कर ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। भस्म आरती में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

## सीएम यादव ने पत्नी के साथ की बाबा महाकाल की पूजा



इधर, महाशिवरात्रि महापर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्नी के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने महादेव के एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना कर प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की मंगल कामना की। श्री महाकालेश्वर मंदिर में पुजारीआकाश शर्मा ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन, संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजगढ़ में दिव्यांगों का प्रदर्शन, ऐसी जिद पकड़ी कि कलेक्टर को ज्ञापन लेने आना पड़ा नीचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़**। मध्यप्रदेश में लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन, आवेदन और निवेदन करते आ रहे दिव्यांगजनों आक्रोशित हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की जिद के आगे कलेक्टर को भी झुकना पड़ गया। कलेक्टर वापस आए और ज्ञापन लेकर दिव्यांगजनों की की बात भी सुनी।

दरअसल, मामला राजगढ़ जिला मुख्यालय का है, जहां गुरुवार को अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे दिव्यांगजनों का पारा उस समय चढ़ गया जब वे अपने शरीर के हिस्से को जमीन पर घसीटते हुए ज्ञापन देने पहुंचे, जिसे वे कलेक्टर को देकर अपनी पीड़ा बयान करना चाहते थे। लेकिन, आधा घंटा उतर जाने के बाद भी कलेक्टर नीचे उतरकर नहीं आए।

इससे नाराज होकर दिव्यांगजनों ने कलेक्ट्रेट परिसर का मुख्य द्वारा घेर लिया और जमीन पर ही लेट गए। इसके बाद करीब आधे घंटे तक न तो कोई वाहन अंदर गया और न ही बाहर आया। सारे वाहन जमीन पर लेटे दिव्यांगजनों के इर्द गिर्द न घूमते रहे। किसी वाहन ने गुजरने का प्रयास किया तो वे उसके सामने आकर लेट गया आखिर में कलेक्टर को नीचे आकर दिव्यांगजनों से ज्ञापन लेना पड़ा और उनकी पीड़ा भी सुननी पड़ी। गौरतलब है कि राजगढ़ जिला मुख्यालय में ब्यूरोक्रेसी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व में भी ऐसे कई घटनाक्रम सामने आ चुके हैं। गिने चुने मामले में ही कलेक्टर ज्ञापन लेने के लिए नीचे आते हैं। तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता के बाद शायद ही कोई कलेक्टर ज्ञापन लेने के लिए नीचे आया हो।

## विक्रमोत्सव में हेमा मालिनी ने मोहा मन, शिव-पार्वती विवाह की प्रस्तुति पर गूंज उठा कार्यक्रम स्थल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित विक्रमोत्सव कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपनी अदभुत नृत्य-कला से सबका मनमोह लिया। साथी कलाकारों के संग नृत्य नाटिका में मां दुर्गा और सती के रूप में हेमा मालिनी की शानदार प्रस्तुति पर पूरा कार्यक्रम करतल ध्वनि से गूंज उठा।**



शिवदुर्गा नृत्य नाटिका की ऐसी प्रस्तुति कि मानो भगवान महाकाल की नगरी में उनके स्वरूप में मां दुर्गा अवतरित हो गई हों। विक्रमोत्सव में शिरकत करने आईं हेमा मालिनी ने अपने ग्रुप के साथ शिव सती कथा, दक्ष वध, शिव तांडव, बम लहर, शिव पार्वती विवाह, नमस्तस्ये की प्रस्तुति की। इस दौरान प्रेम,भक्ति व रौद्र रस की भावपूर्ण नृत्य मंचन ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में हेमा मालिनी की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। दर्शकों ने बीच-बीच में हर-हर महादेव का उद्घोष कर कलाकारों की ऊर्जा में चार-चांद लगाए। हेमा मालिनी ने नृत्य नाटिका की शुरुआत शिव सती कथा से किया जिसमें सती का किरदार निभाते हुए उन्होंने बेहतरीन प्रस्तुति दी।

दुर्गा सप्तशती पर आधारित नृत्य नाटिका दुर्गा का मंचन भी इस दौरान हुआ। हेमामालिनी की नृत्य नाटिका और महिषासुर मर्दिनी रूप ने सभागार में बैठे दर्शकों को पूरे समय मंत्र मुग्ध किए रखा। हेमा मालिनी ने माता पार्वती, नौदुर्गा रूप, चंडी, सती समेत कई रूप में नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह और महिषासुर का वध पूरे गीत-संगीत और शास्त्रीय नृत्य में पिरोकर दिखाया गया। जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस दौरान

सांसद हेमा मालिनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भगवान महाकाल की नगरी में शिव दुर्गा नाटिका की प्रस्तुति देने में बहुत खुशी का अनुभव हुआ हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव को इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री बोले- महाशिवरात्रि पर्व का सफल आगाज हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुप्रसिद्ध अभिनेत्री एवं सांसद पद्मश्री हेमा मालिनी की भगवान शिव दुर्गा नाटिका की अद्भुत प्रस्तुति से महाकाल की नगरी में महाशिवरात्रि पर्व का सफल आगाज हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ यादव उज्जैन के पॉलिटेक्निक कॉलेज में विक्रमोत्सव अंतर्गत आयोजित भगवान शिव दुर्गा नाटिका की प्रस्तुति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमा मालिनी सहित साथी कलाकारों की भव्य प्रस्तुति से महाशिवरात्रि की शोभा को और बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में हेमा मालिनी की समस्त कलाकारों को पुष्पगगुच्छ और सम्राट विक्रमादित्य की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेडा, नगर निगम अध्यक्ष मुकेश टटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांचवीं और आठवीं का फर्जी पेपर सोशल मीडिया में वायरल, राज्य शिक्षा केंद्र ने दर्ज कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। इन दोनों कक्षाओं के फर्जी एवं भ्रामक प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों के खिलाफ स्कूल शिक्षा विभाग सख्त है। ऐसे ही एक मामले में राज्य शिक्षा केंद्र ने फर्जी प्रश्न पत्र वायरल करने के मामले में असामाजिक तत्वों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। राज्य शिक्षा केन्द्र के मूल्यांकन नियंत्रक एचजी खरे ने पुलिस आयुक्त, साइबर क्राइम कार्यालय भोपाल में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बता दें सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर कतिपय असामाजिक व्यक्तियों द्वारा परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को भ्रामक एवं फर्जी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने कहा है कि ऐसे कृत्यों से परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठते हैं, वहीं विद्यार्थी भी गुमराह एवं हतोत्साहित हो रहे हैं। इससे उनकी मनोदशा पर बेहद नकारात्मक प्रभाव पड़ने की भी आशंका है। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही के लिए साइबर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। संचालक धनराजू एस ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी प्रलोभन में न आएं और पूरे मनोयोग से अपनी परीक्षा दें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जानकारियों का दुरुपयोग कर उन्हें किसी भी आपराधिक प्रकरण में संलिप्त सकते हैं। इनके प्रलोभन में फंसकर विद्यार्थी का आर्थिक नुकसान तो होगा ही, साथ ही आपराधिक संलिप्तता का प्रकरण भी दर्ज हो सकता है। अतः विद्यार्थी और अभिभावक ऐसी मिथ्या अफवाहों एवं प्रलोभन से सदैव बचें।

New Delhi

# ना कार वॉश कर सकेंगे, ना पेड़ों में दे सकेंगे पानी, लगेगा 5 हजार का जुर्माना... जल संकट से जूझ रहे बेंगलुरु में नया फरमान

**बेंगलुरु, (एजेंसी) गर्मी के पहले ही जलसंकट से जूझ रहे कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में नया फरमान जारी किया गया है. एजेंसी के मुताबिक अगर बेंगलुरु में कोई कार वॉश करते, गार्डनिंग करते, कंस्ट्रक्शन करते, रोड का कंस्ट्रक्शन और मेंटेनेंस करते या वाटर फाउंटेन का इस्तेमाल करते हुए मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा. कार्रवाई के तहत फरमान का उल्लंघन करने वाले शख्स को 5 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा.**



दरअसल, पानी की किल्लत के बावजूद बेंगलुरु की कुछ हाउसिंग सोसाइटी में पानी के दुरुपयोग के मामले सामने आए थे. तब वहां के निवासियों पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया गया था. हालांकि, अब इसे लेकर आदेश ही जारी कर दिए गए हैं. कर्नाटक वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड ने अपने आदेश में 5 हजार के जुर्माने की बात कही है. बता दें कि हाईटेक शहर बेंगलुरु इन दिनों जलसंकट से जूझ रहा है. आलम ये है कि मुख्यमंत्री आवास में भी पानी की किल्लत की बात सामने आ चुकी है. यहां 5 फरवरी को पानी के टैंकर्स को आते-जाते देखा गया है. इसके अलावा लाखों लोग बूंद-बूंद पानी के मोहताज हैं. सोसायटियों और कॉलोनियों में पानी की बड़ी किल्लत है. टैंकरों से पानी मंगाया जा रहा है. बावजूद इसके पानी की कमी पूरी नहीं हो पा रही है.

New Delhi

# पत्नी के नाम पर संपत्ति है तो क्या हुआ, नहीं बना सकते आरोपी; भ्रष्टाचार और DA केस में हाई कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ओडिशा हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी शख्स के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का आपराधिक मामला चल रहा हो तो उसकी पत्नी के नाम पर संपत्ति होने के बावजूद महिला को आरोपी नहीं बनाया जा सकता है। बुधवार को दिए अपने फैसले में हाई कोर्ट ने यह व्यवस्था दी है। कोर्ट एक गृहिणी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें महिला ने कहा था कि उसके पति द्वारा किए गए कथित अपराध में उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस सिबो शंकर मिश्रा की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में लिखा, "आमतौर पर, यह स्वाभाविक प्रक्रिया है कि एक बेरोजगार पत्नी हमेशा अपने नौकरीशुदा पति की इच्छा पर निर्भर रहती है। इस मामले में भी मुख्य आरोपी (पति) याचिकाकर्ता (पत्नी) की इच्छा पर हावी होने की स्थिति में है। ऐसी स्थिति में, याचिकाकर्ता के पास चल या अचल संपत्ति की खरीद में भाग नहीं लेने या अपने पति की इच्छा को खारिज करने की कोई गुंजाइश नहीं दिखती है।' हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में किसी महिला को सिर्फ आरोपी की पत्नी होने और आरोपी द्वारा उसके नाम पर संपत्ति खरीदने के कारण मामले में नहीं घसीटा जा सकता है। जांच अधिकारियों ने महिला पर पति को भ्रष्टाचार में शामिल होने और उसे उकसाने का आरोप लगाया था। जस्टिस मिश्रा ने कहा,'अचल संपत्तियों को मुख्य आरोपी द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में शामिल किया जा चुका है और याचिकाकर्ता यह दावा भी नहीं कर रही है कि उसने स्वतंत्र रूप से अपने नाम पर कथित संपत्ति अर्जित की है। इसलिए, मुख्य आरोपी पर उस आय के स्रोत को साबित करने की जिम्मेदारी बनती है, जिसने अपनी पत्नी के नाम पर संपत्ति अर्जित की है।'

Bihar

# नालंदा में बाइक टकराने पर हुई गोलीबारी, एक की मौत, तीन घायल

**नालंदा, (एजेंसी) बिहार के नालंदा में मामूली विवाद में गोलीबारी हुई. जिसमें तीन लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की.**

घायलों का इलाज इस्लामपुर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में चलने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. यह घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के उतरी मल बीघा गांव में हुई थी. मृतक की पहचान मोहम्मद निसार के तौर पर हुई और मोहम्मद आदिल और मोहम्मद एजाज गंभीर रूप से घायल हैं. इस मामले पर डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि बाइक से टक्कर होने के बाद राजा और निसार नाम के युवक के बीच विवाद हुआ था.

Uttarpradesh

# हैवान बना पति, पेट्रोल छिड़ककर पत्नी को जिंदा जलाया बचाने में सास भी झुलसी

**बदायूं, (एजेंसी) यूपी के बदायूं में एक पति हैवान बन गया। उसने अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर उसे जिंदा जला दिया। बहू को बचाने में सास भी झुलस गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ कर वारदात की वजह जानने की कोशिश की जा रही है।**

मामला बदायूं के मुजरिया थाना क्षेत्र के नैथुआ गांव का है। गुरुवार की देर शाम नशे में धुत होकर घर वापस लौटे पति से किसी बात को लेकर पत्नी का विवाद हो गया। उनमें तू-तू, मैं-मैं होने लगी। इसी दौरान पति अचानक से भड़क गया। उसने बाइक से पेट्रोल निकाला और पत्नी पर छिड़कने लगा। देखते ही देखते आरोपी पति ने पत्नी को आग के हवाले कर दिया। पत्नी धू-धू कर जलने लगी। इस दौरान सास ने अपनी बहू को बचाने की नाकाम कोशिश की। इस कोशिश में सास भी झुलस गई। बहू ने उसकी आंखों के सामने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बिल्सी के एसडीएम और सहसवान के सीओ ने खुद जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घटना के दौरान झुलसी सास को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। उससे घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## खेल

# यशस्वी सबसे कम टेस्ट में 1000 रन पूरे करने वाले भारतीय; विराट कोहली को भी इस मामले में पीछे छोड़ा

**धर्मशाला।** भारत के यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में 32 रन बनाते ही कई सारे रिकॉर्ड बना डाले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरे कर लिए। वह टेस्ट क्रिकेट में पारी के हिसाब से दूसरे सबसे तेज हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बन गए। वहीं, मैचों के हिसाब से टेस्ट में वह सबसे तेज हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बन गए। इतना ही नहीं इस टेस्ट में एक रन बनाते ही यशस्वी ने विराट कोहली का भी एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### पारी के हिसाब से दूसरा और टेस्ट के हिसाब से सबसे तेज

यशस्वी ने टेस्ट में 16वीं पारी में हजार रन पूरे किए। इस मामले में शीर्ष पर विनोद कांबली हैं, जिन्होंने 14 पारियों में हजार रन पूरे कर लिए थे। तीसरे नंबर पर चेतेश्वर पुजारा हैं। उन्हें 1000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 18 पारियों की जरूरत पड़ी थी। वहीं, टेस्ट के हिसाब से बात करें तो यशस्वी का यह नौवां मैच है और टेस्ट के हिसाब से सबसे तेज हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। इस मामले में यशस्वी ने भारतीय बल्लेबाजों में सुनील गावस्कर और चेतेश्वर पुजारा का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने हजार टेस्ट रन के लिए 11-11 मैच लिए थे। ओवरऑल इस मामले में शीर्ष पर डॉन ब्रैडमैन हैं। उन्होंने सात टेस्ट में ही हजार रन पूरे कर लिए थे।




### सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय (पारी के हिसाब से)

14 पारी- विनोद कांबली
16 पारी- यशस्वी जयसवाल
18 पारी- चेतेश्वर पुजारा
19 पारी- मयंक अग्रवाल
21 पारी - सुनील गावस्कर

**1000 टेस्ट रन के लिए सबसे कम मैच**

7 - डॉन ब्रैडमैन
9 - एवर्टन वीक्स
9 - हर्बर्ट सटक्लिफ
9 - जॉर्ज हेडली
9- यशस्वी जयसवाल

भारतीय रिकॉर्ड पहले सुनील गावस्कर और चेतेश्वर पुजारा (दोनों के 11-11 मैच) के नाम था।

### डेब्यू के बाद चौथा सबसे कम दिन लेने वाले बल्लेबाज

यशस्वी ने टेस्ट डेब्यू के 239 दिन बाद ही हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने पिछले साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। वह डेब्यू के बाद सबसे कम दिन में हजार रन पूरे करने के मामले में दुनिया के पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज हैं। इस मामले में शीर्ष पर माइकल हसी हैं। हसी ने टेस्ट डेब्यू के 166 दिन बाद ही इस प्रारूप में हजार रन पूरे कर लिए थे। भारतीयों में यशस्वी से पहले यह रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम था। द्रविड़ ने टेस्ट डेब्यू के 299 दिन बाद हजार रन पूरे किए थे।

## सिनेमा

# 'झनक' फेम एक्ट्रेस डॉली सोही कैंसर से हारी जंग, कुछ घंटों पहले बहन की भी पीलिया से हुई थी मौत





टेलीविजन इंडस्ट्री से एक बेहद शॉकिंग खबर सामने आ रही है. 'झनक' फेम एक्ट्रेस डॉली सोही का 48 साल की उम्र में निधन हो गया है. एक्ट्रेस सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित थीं. दुख की बात ये है कि बीती रात उनकी बहन अमनदीप सोही भी दुनिया को अलविदा कह गईं. अमनदीप का पीलिया का इलाज चल रहा था. कुछ घंटों के अंदर इंडस्ट्री की दो बहनों और एक्ट्रेसेस के निधन ने हर किसी निशब्द कर दिया है.

शुक्रवार का दिन टीवी इंडस्ट्री के लिए काफी दुखद रहा. डॉली सोही और अमनदीप अपने दमदार अभिनय से घर-घर मशहूर हो गई थीं. दोनों ही बहनों ने कामयाबी की उड़ान भरनी शुरू की थी कि उनकी मौत हो गई. उनके भाई मनू सोही ने इंडिया टुडे के साथ इस खबर की पुष्टि की और बताया कि कुछ ही घंटों में दोनों बहनों को खोने से परिवार सदमे में है.

उनके भाई ने कहा- डॉली का आज सुबह लगभग 4 बजे निधन हो गया. डॉली और अमनदीप दोनों को नई मुंबई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था. कल अमनदीप का निधन हो गया और अब डॉली का. हम पूरी तरह से तबाह हो गये हैं. एक्ट्रेस की डेथ को लेकर परिवार ने एक स्टेटमेंट जारी कहा- हमारी प्यारी डॉली ने आज सुब अंतिम सांस ली.

## संपादकीय

# निराशाजनक प्रदर्शन

यह उजागर तथ्य है कि सेवा क्षेत्र में नरमी रहने का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। कंपनियां अपना घाटा पूरा करने के लिए छंटनी की प्रक्रिया अपनाने लगती हैं। फिर उद्योग क्षेत्र का प्रदर्शन भी चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में उत्साहजनक नहीं देखा गया। कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन निराशाजनक बना हुआ है। सेवा क्षेत्र के बल पर विकास दर ऊपर का रुख बनाए हुई है। आर्थिक विकास दर ऊंची रहने के बावजूद कुछ क्षेत्रों का प्रदर्शन अपेक्षित रूप से उत्साहजनक नजर नहीं आता। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी जनवरी माह की तुलना में फरवरी में सुस्त दर्ज हुआ। इसकी वजह कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी बताई जा रही है। हालांकि कहा जा रहा है कि जब सूचकांक पचास से नीचे आ जाता है, तब चिंता की बात मानी जाती है। फरवरी में सेवा क्षेत्र का सूचकांक 60.6 दर्ज हुआ। इस क्षेत्र में अभी मजबूती की संभावनाएं जताई जा रही हैं। दरअसल, सेवा क्षेत्र का जीडीपी में योगदान महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए कि इस क्षेत्र में बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार, आतिथ्य, पर्यटन आदि से जुड़ी गतिविधियां शामिल होती हैं। इस क्षेत्र में राजस्व और रोजगार के अवसर भी अधिक होते हैं। इसमें ताजा सुस्ती की बड़ी वजह मांग में आई कमी बताई जा रही है, हालांकि विदेश से कारोबार को संतोषजनक माना जा रहा है। फिर भी इससे अर्थव्यवस्था के कुछ असंगत पहलू रेखांकित होते हैं। एक तरफ तो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर घट कर 3.1 फीसद पर पहुंचने का आंकड़ा सामने आया है, दूसरी तरफ सेवा क्षेत्र में सुस्ती के पीछे नौकरियों की कमी को बताया जा रहा है। अगर उसमें भी सुस्ती बनी रही, तो इसे उत्साहजनक नहीं कहा जा सकता। जब केवल कुछ क्षेत्रों के बल पर विकास दर ऊंची दर्ज होती है, तो उसमें थोड़ा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होता है। इसीलिए भारतीय रिजर्व बैंक ने अभी बाजार में संतुलन बनाए रखने के लिए बैंक दरों के मामले में अपने हाथ रोक रखे हैं। मगर सेवा क्षेत्र के डगमगाने से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि संतुलित विकास दर के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।



## Highlights

1. **Maha Shivaratri draws huge crowds to Kashi Vishwanath temple**
2. **Google releases new doodle to celebrate Women's Day 2024**
3. **PM Modi extended best wishes on International Women's Day**
4. **PM Modi slashes LPG prices by Rs 100 in Women's day gesture**
5. **Bengaluru's water crisis hits businesses hard**
6. **Pehli Naukri Pakki To 30 Lakh Govt Jobs: Rahul's 5 Poll Promises**
7. **CM Yogi: Increase in dearness allowance for central govt employees**

# International women's day 2024: Key state government schemes for females

**NEW DEIHI, (Agency).** International Women's Day 2024: International Women's Day is celebrated on March 8. With the aim to uplift and empower women, various state governments in India have rolled out schemes aimed at addressing challenges faced by women and cover a wide range of areas like education, healthcare, entrepreneurship and social welfare. Here's a look at important state government initiatives for women:

Delhi- Mukhyamantri Mahila Samman Yojana: The programme has been introduced by the Delhi government. As per the scheme, every woman above 18 years of age will be given ₹1,000 monetary assistance every month if she is a resident of Delhi and has a Voter ID card in the national capital,

Uttar Pradesh- Mission Shakti: The scheme was launched in phases which




included Mission Shakti Kaksha (classrooms) at all the 59,000 Gram Panchayat Bhawans (Village Panchayat Buildings), formation of one lakh women self-help groups and linking of 1.73 lakh new beneficiaries to the destitute women pension scheme.

Uttar Pradesh- Mukhyamantri Kanya Sumangla Yojana: This cash transfer scheme aims to ensure social security to the girl child.

Uttar Pradesh- Nirbhaya- Ek Pahal Program: The scheme connects as many as 75,000 women with state banks and aids them in getting loans at cheaper interest rates and avail benefits of state subsidies.

Maharashtra- Manjhi Kanya Bhagyashree Scheme: As per the scheme, the Maharashtra government provides financial assistance to one girl child: ₹50,000 for a period of 18 years and two girl children: ₹25,000 each on the name of both the girls.

Bihar- Kanya Utthan Yojana: The scheme encourage females in the state to pursue higher education and compensates them with roughly ₹50,000 till she completes her graduation.

# Indigo promoter Rakesh Gangwal invests ₹165 crore in Zetwerk

**NEW DEIHI, (Agency).** Unicorn startup Zetwerk announced on Thursday that it secured a ₹165 crore investment from Rakesh Gangwal, the promoter of Indigo Airlines. Gangwal is the final investor in Zetwerk's ongoing funding round, valuing the company at ₹23,157 crore.

in the fiscal year 2021-22, Zetwerk saw a nearly six-fold increase in revenue to ₹4,961 crore. This surge can be attributed to businesses seeking alternatives to China for manufacturing their products.

In the financial year 2023, Zetwerk's revenue more than doubled to ₹11,448 crore.



The company expressed its enthusiasm about Gangwal's strategic guidance, leveraging his extensive experience to propel Zetwerk towards becoming a generational company.

"We are delighted to share that Rakesh Gangwal has invested USD 20 million in Zetwerk through Wheelhouse Venture Capital. Gangwal, with his extensive experience spanning several decades, brings invaluable insights into building businesses and iconic brands. His strategic guidance will be crucial in building Zetwerk into a generational company," Zetwerk said in a statement.

Gangwal to sell airline's shares worth ₹3,730 crore

In other news, Rakesh Gangwal is set to divest up to a 3.3 per cent stake, valued at ₹3,730 crore, in Interglobe Aviation through a block deal, according to sources reported by CNBC-TV18 on Thursday.

# फ्लैट में घुसे चोर, लाखों के आभूषण ले गए, टीचर के घर दिनदहाड़े हुई वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अन्नपूर्णा इलाके में बदमाशों ने एक बिल्डिंग में घुसकर फ्लैट में दिनदहाड़े चोरी की। चोर यहां से लाखों रुपए की ज्वेलरी और नकदी चुरा ले गए। बदमाशों ने इसी इलाके में एक और घर को भी निशाना बनाया।

पुलिस के मुताबिक घटना उषा नगर की है। यहां दीपाली जाधम निवासी उमेश पुष्प अपार्टमेंट की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने बताया कि वह निजी स्कूल में टीचर है। वहीं पति दिल्ली में निजी कंपनी में जॉब करते हैं। उनकी एक बेटी है। जो अपने नाना के घर पर थी।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वह फ्लैट पर ताला लगाकर चली गई। करीब दोपहर में 3 बजे वापस आई तो फ्लैट के लॉक टूटा मिला। अंदर गई तो पूरा सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी से उनके सोने के चांदी के आभूषण ओर नकदी रुपए गायब थे।

**यहां भी हुई चोरी-** पुलिस के मुताबिक क्रांति कृपलानी नगर में भी बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यहां रहने वाली युवती नैना ने बताया कि गुरुवार रात में करीब डेढ़ बजे परिवार के लोग सोए। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे मां उठी तो उनके चिल्लाने की आवाज आई। तब नैना ओर उसका भाई लक्की उस कमरे में पहुंचे। यहां देखा तो उनके कमरे से एक मोबाइल, तीन लाख से ज्यादा के सोने-चांदी के आभूषण और 25 हजार रुपए नकदी गायब मिले। बाद में थाने आकर पुलिस को शिकायत की।

## गैस टंकी में लगी आग

**इंदौर**। महू के वेटनरी कॉलेज के सामने एक रेस्टोरेंट में चाय बनाने के दौरान गैस की टंकी में आग लग गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया. फिलहाल घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार वेटनरी कॉलेज के सामने महाकाल होटल खुलने के बाद सुबह करीब 8 बजे कर्मचारी ने चाय बनाने के लिए जैसे ही गैस ऑन कर चुल्हें में आग लगाई तो आग टंकी में भभक गई। देखते ही देखते आग टंकी के चारो ओर फेल गई। तभी मौके पर मौजूद लोगों ने टंकी पर गीला कपड़ा और रेत डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही की उस समय होटल पर कोई मौजूद नहीं था क्योंकि यहां सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्रों का आना-जाना लगा रहता है।

## मां-बेटी हादसे का शिकार

### 5 दिन बाद मां ने अस्पताल में दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में 5 दिन पहले मां-बेटी को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। मां-बेटी एक्टिवा पर सवार थी जबकि युवक रॉन्ग साइड से आ रहा था। हादसे में मां गंभीर घायल हो गई थी।उन्हें उपचार के लिये एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया। गुरुवार रात को उन्होंने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम किया गया।

पुलिस के मुताबिक बसंती (60) पति नर्मदा प्रसाद निवासी सांई धाम कॉलोनी खजराना की सडक़ हादसे में मौत हो गई। जबकि उनकी बेटी इस हादसे में मामूली घायल हुई है। पुलिस जानकारी के मुताबिक बसंती बाई और उनकी बेटी 3 मार्च को हीरानगर में उनकी बहन के घर एक्टिवा से जा रही थी। इस दौरान रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आए बाइक सवार ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। बसंती बाई के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पांच दिन तक एमवाय अस्पताल में उपचार के बाद गुरुवार को उनकी मौत हो गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक